Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding need to check air pollution in Palghar and Boisar Constituency of Maharashtra.

श्री राजेन्द्र धेड्या गावित (पालघर): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र पालघर और बोईसर के नागरिक खतरनाक स्थितियों में रह रहे हैं । वहां पर 2.5 पीएम प्रदूषण का लेवल है । बोईसर और तारापुर एरिया हिन्दुस्तान का सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर डिक्लेयर किया गया है । यहां स्थिति बहुत खराब है । यह मानव शरीर के लिए सबसे खतरनाक माना जाता है । इस औद्योगिक क्षेत्र में 1400 कंपनियां हैं, उनमें से 600 प्रदूषणकारी की श्रेणी में हैं । आस-पास के कई औद्योगिक स्थानों में विस्फोटों की क्षमता इतनी अधिक होती है कि दस किलोमीटर के गांवों में इसके झटके महसूस किए जाते हैं ।

अध्यक्ष महोदय, वहां पर 25 एमएलडी एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट है, उसे बढ़ा कर 50 एमएलडी एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट बनाने की जरूरत है, जिसके कारण 20 एमएलडी से अधिक अनुपचारित अपशिष्टों को अरब सागर में उतारा जाता है, जिसके कारण भूजल और जल स्त्रोत के दृष्टिकोण से वहां के आस-पास के गांव प्रभावित होते हैं । इसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में खेती के साथ-साथ वहां पर मछुआरा समुदाय को भारी नुकसान पहुंचता है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि वायु प्रदूषण फैलाने वाली कंपनी को चिह्नित कर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ औद्योगिक ईकाइयों के नियंत्रण के लिए सार्थक कदम उठाए ।